दिनांक-10फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शहर विकास को लेकर महापौर परिषद के सदस्यों के साथ हुई चर्चा फिर महापौर ने निगम के अधिकारियों के साथ की जोनवार विभागीय कार्यो की समीक्षा

भिलाई नगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों एवं जनता से जुड़े हुए प्रमुख मुद्दों के विषय में समस्त जोन क्षेत्र की जोनवार समीक्षा बैठक महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने ली इसके पूर्व उन्होंने महापौर परिषद के सदस्यों के साथ शहर विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की! चर्चा में महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, दिवाकर भारती, सूर्यकांत सिन्हा, सुभद्रा सिंह, जोहन सिन्हा, सोशन लोगन आदि मौजूद थे! दोपहर 1:00 बजे से 5:00 बजे तक चली बैठक में अलग-अलग जोन की बारी-बारी से समीक्षा की गई! श्री यादव ने समस्त जोन आयुक्तों को निर्देशित करते हुए कहा कि अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करें , शासन स्तर से निगम भिलाई के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत हुए राशि से निर्माण कार्यों को निविदा प्रक्रिया मे लाकर निर्माण कार्य प्रारंभ करावे , बीएसपी प्रबंधन को अनापत्ति के लिए प्रेषित किए गए कार्यों की सूची की भी जानकारी प्राप्त की , उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का भूमिपूजन किया जाना है उन्हें शीघ्रता से करावे तथा जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उन्हें जनता को सौंपने में देरी न करें , छोटे-बड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों मे प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी